पत्र संख्या पी–5 / 16–01–02–2024 / ....185....

बिहार पुलिस मुख्यालय

(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

प्रेषक,

पुलिस उप–महानिरीक्षक (कार्मिक)
बिहार, पटना

सेवा में,

सभी पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना
सभी अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना
सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / क्षेत्रीय पुलिस उप–महानिरीक्षक, (रेल / वाहिनी / इकाई सहित) बिहार,
पुलिस उप–महानिरीक्षक सह उप–निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर
सहायक पुलिस महानिरीक्षक (निरीक्षण / प्रशिक्षण / कल्याण), बिहार, पटना
प्रभारी, रक्षित कार्यालय, पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना

पटना, दिनांक– 23.10.2024

विषय– विज्ञापन संख्या–01 / 2018 एवं 01 / 2020 के अन्तर्गत नियुक्त आशु सहायक अवर निरीक्षकों की सेवा सम्पुष्टि के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार पुलिस आशु संवर्ग नियमावली, 2017 के अन्तर्गत विज्ञापन संख्या–01 / 2018 एवं 01 / 2020 में नियुक्त वैसे आशु सहायक अवर निरीक्षक जिनकी सम्पुष्टि की जानी शेष है तथा उन सभी कर्मियों का परीक्ष्यमान अवधि पूर्ण हो चुका है, की सेवा सम्पुष्टि का प्रस्ताव विहित प्रपत्र में अपनी अनुशंसा सहित सॉफ्ट कॉपी (MS EXCEL FORMAT, KRUTI DEV-010) एवं हार्ड कॉपी में पुलिस मुख्यालय को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

## विहित प्रपत्र

| क्र0 सं0 | नाम / पदनाम / गृहजिला / जन्मतिथि | नियुक्ति तिथि / कार्यालय आदेश | योगदान की तिथि | मंत्रिमण्डल सचिवालय (राजभाषा विभाग) द्वारा आयोजित हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा में उत्तीर्णता की तिथि | बुनियादी परीक्षा उत्तीर्णता की तिथि | वा0गो0प्र0 अभ्युक्ति (योगदान की तिथि से दो वर्षों की) | आरोप / विभागीय कार्यवाही / दण्ड की अद्यतन स्थिति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

23/10/24

पुलिस उप–महानिरीक्षक (कार्मिक)
बिहार, पटना

प्रतिलिपिः–

01. सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक (रेल / इकाई सहित) / समादेष्टा बिहार को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
02. प्राचार्य, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान, नाथनगर / सिमुलतल्ला बिहार को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
03. आईटी मैनेजर, बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना को यह आदेश बिहार पुलिस के आधिकारिक वेबसाईट https://police.bihar.gov.in पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
04. प्रभारी पुलिस महानिदेशक नियंत्रण कक्ष, सरदार पटेल भवन, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि पत्र को संबंधित पदाधिकारियों के WhatsApp Group पर आज ही भेजना सुनिश्चित करेंगे।

23/10/24

पुलिस उप–महानिरीक्षक (कार्मिक)
बिहार, पटना